पत्र संख्या-स्था-6-सामान्य चतुर्थ श्रेणी संवर्ग प्रान्तीय अधिवेशन/2024-25/ 568 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक:: 09 मई, 2024

::कार्यालय ज्ञापः:

श्री सुरेश सिंह यादव, प्रदेश महामंत्री, उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के अनुरोध पर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश दिनांक 07.05.2024 द्वारा उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश का प्रान्तीय अधिवेशन दिनांक 16 व 17 अगस्त, 2024 (दिन-शुक्रवार एवं शनिवार) को कार्यालय- राज्य कर, मुख्यालय, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में कराने का निर्णय लिया गया है।

संघ के उक्त अधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु संघ के इच्छुक सदस्यों/कर्मचारियों से दो दिन अर्थात् दिनांक 16 व 17 अगस्त, 2024 के लिये विशेष आकस्मिक अवकाश का प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने पर एम0जी0ओ0 के पैरा-1082(5) के अन्तर्गत उन्हे विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कर दिया जाये।

संघ के ऐसे सदस्यों को, जो सेवा से निष्कासित है अथवा अब उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के सदस्य नहीं रह गये हैं, को उपर्युक्त अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा। यह भी ध्यान में रखा जायेगा कि उक्त तिथियों में अवकाश के कारण राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न न हो।

कृपया इस आशय की सूचना एसोसिएशन के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी दे दें और इस आदेश की प्रति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी तुरन्त चस्पा करा दें।

ह0
(सुनील कुमार वर्मा)
अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- जिलाधिकारी, लखनऊ।
2- पुलिस आयुक्त, लखनऊ।
3- वरिष्ठ स्टॉफ ऑफिसर, आयुक्त कैम्प, राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
5- अपर निदेशक(प्रशिक्षण) राज्य कर, गोमती नगर, लखनऊ।
6- अपर आयुक्त ग्रेड-2(उच्च न्यायालय कार्य) राज्य कर, प्रयागराज / लखनऊ।
7- समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-2, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
8- संयुक्त आयुक्त(सर्वोच्च न्यायालय कार्य), राज्य कर, गाजियाबाद।
9- समस्त संयुक्त आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
10- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0), राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।
11- समस्त उपायुक्त(प्रशासन)/सहायक आयुक्त (ए),राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
12- नाजिर, राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
13- प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, कानपुर/मुख्यालय।

श्री अजय
10/5/24
D.C. (IT)
10-05-024 553

(प्रबल कुमार)
संयुक्त आयुक्त(स्था0अराज0) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।